DATE 30-7-2021

STD -10 HINDI EPISODE 15

पाठ का नाम : हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था ।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें |

1) साहित्य की विधाएँ कौन कौन सी हैं ?

उत्तर: कविता, कहानी, नाटक, एकांकी, टिप्पणी आदि साहित्य की विधाएँ है ।

2) ' हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था ' नामक पाठ में कौन- कौन सी विधाएँ हैं ?

उत्तर:एक कविता और उसी कविता की टिप्पणी |

3) ' हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था ' के कवि कौन है?

उत्तर: विनोद कुमार शुक्ल |

4) हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था नामक कविता की टिप्पणी किसने लिखी OR कविता के टिप्पणीकार कौन हैं ?

उत्तर:नरेश सक्सेना |

5) अपरिचित व्यक्ति कैसे बैठा था ?

उत्तर:अपरिचित व्यक्ति निराश होकर बैठा था ।

6) अपरिचित व्यक्ति के बारे में कवि क्या जानते थे ?

उत्तरः कवि उसकी हताशा या निराशा को जानते थे ।

7) अपरिचित व्यक्ति को देखकर कवि ने क्या किया ?

उत्तर : अपरिचित व्यक्ति की सहायता करने के लिए कवि ने उसकी ओर अपना हाथ बढाया ।

8) कवि ने अपना हाथ बढाते समय अपरिचित व्यक्ति ने क्या किया ?

उत्तर : उसने कवि का हाथ पकडा और खडा हो गया ।

9) क्या, वह अपरिचित व्यक्ति कवि को जानता था ?

उत्तर: नहीं | वह अपरिचित व्यक्ति कवि को नहीं जानता था | पर वह व्यक्ति कवि की सहायता चाहता था |

10) कवि ने उस व्यक्ति के सामने क्यों हाथ बढ़ाया ?

उत्तर: कवि ने उसकी सहायता करने के लिए उसके सामने हाथ बढाया |

11) दोनों एक दूसरे को नहीं जानते थे | साथ चलने को जानते थे । इसका मतलब क्या है?

उत्तर : हमें किसी भी निराश या संकट में पड़े व्यक्ति की सहायता ज़रूर करनी चाहिए ।

(12) कविता में कवि का कौन सा मनोभाव प्रकट होता है ?

उत्तर: मनुष्य में मनुष्यता का बोध होना अनिवार्य है |

13) विनोद कुमार शुक्ल की कविता की खूबियाँ और विशेषताएँ क्या क्या हैं?

उत्तर: (1) उनकी कविताएँ मौलिक है ।

(2) उनकी भाषा स्वाभाविक है |

14) अनगढ़ता माने क्या है?

उत्तर: स्वाभाविकता |

15) विनोद कुमार शुक्ल की कविता की विशेषताएँ क्या क्या हैं?

उत्तर: विनोद कुमार शुक्ल की कविता के अर्थ इतने सहज , स्वाभाविक, सरल और साफ हैं कि उन्हें व्याख्या की दरकार नहीं है |

16) कवि ने अपरिचित व्यक्ति को किस स्थिति में देखा ?

उत्तर: हताशा या निराशा की स्थति में।

17) क्या, कवि पहले उसे (अपरिचित व्यक्ति को) जानते थे?

उत्तर: नहीं। कवि उसके पहले उस निराश व्यक्ति को नहीं जानते थे।

18) दोनों साथ साथ चलने लगे। क्या वे परिचित थे?

उत्तर:नहीं। दोनों अपरिचित थे |

19) हम दोनों साथ चले । कौन कौन ?

उत्तर: कवि और हताश व्यक्ति ।

20) व्यक्ति को न जानने पर भी कवि ने उसकी मदद के लिए हाथ बढ़ाया ।

इससे हमें कौन- सा संदेश मिलता है?

मनुब्य में मनुष्यता का बोध होना चाहिए।

कठिन शब्दार्थ

टिप्पणी - കുറിപ്പ്

हताशा - निराशा , നിരാശ

मौलिकता – തനിമ, Originality

सिद्ध - നിപുണനായ

सहज- സ്വാഭാവികമായ

साफ़ - വ്യക്തമായ

व्याख्या - വ്യാഖ്യാനം

दरकार - ആവ്ശ്യം

जानना - അറിയുക

पहचानना - തിരിച്ചറിയുക

****